# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 10.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, जनवार्ता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 10.09.2025

### शिवाला में अवैध निर्माण सील

वाराणसी। भेलूपुर वार्ड के शिवाला के शंभूनाथ गुप्ता और अन्य की ओर से अवैध निर्माण कराया जा रहा था। इस निर्माण के विरुद्ध कारण बताओ और कार्य रोकने का नोटिस जारी किया गया था। बावजूद निर्माणकर्ता की ओर से चोरी-छिपे व रुक-रुक कर रात में निर्माण कराया जा रहा था। जिस पर अवैध निर्माण को सील किया गया। जोनल अधिकारी संजीव कुमार और अवर अभियंता सोनू कुमार ने कार्रवाई की। ब्यूरो

## जनवार्ता–दि0 10.09.2025

### भेलूपुर क्षेत्र में वीडीए ने जड़ा अवैध निर्माण पर ताला




**वाराणसी (जनवार्ता)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर टीम ने जोन-4 क्षेत्र में अवैध निर्माण के विरुद्ध मंगलवार को कड़ी कार्रवाई की। जिसमें भेलूपुर वार्ड, भूखण्ड सं. भवन सं. बी-2/260-ए, शिवाला पर शम्भूनाथ गुप्ता व अन्य द्वारा बिना स्वीकृति के निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस पर नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-27 के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस तथा धारा-28 के अंतर्गत विकास कार्य रोकने का आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद निर्माणकर्ता चोरी-छिपे रात्रि में निर्माण करते रहे। जिसके बाद प्राधिकरण ने निर्माण को सील कर दिया। इस दौरान जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता सोनू कुमार, प्रवर्तन दल, सुपरवाइजर शामिल रहे। जिसमें उपाध्यक्ष ने आमजन से अपील की है कि बिना मानचित्र स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण न करें अन्यथा प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।